
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**23 सितंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**सच्ची मानवता त्याग में निहित है।**

रामधारी सिंह 'दिनकर'

( राष्ट्रकवि )



जन्म : **23** सितंबर **1908**


राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# नेपच्यून ग्रह की खोज 23 सितंबर





वरुण पहला ग्रह ,जिसकी अस्तित्व की भविष्यवाणी उसे बिना कभी देखे ही गणित के अध्ययन से की गयी थी और जिसे फिर उस आधार पर खोजा गया। यह तब हुआ जब अरुण की परिक्रमा में कुछ अजीब गड़बड़ी पायी गयी, जिनका अर्थ केवल यही हो सकता था कि एक अज्ञात पड़ौसी ग्रह उसपर अपना गुरुत्वाकर्षक प्रभाव डाल रहा है। खगोल में खोजबीन करने के बाद यह अज्ञात ग्रह 23 सितम्बर 1846 को पहली दफा दूरबीन से देखा गया और इसका नाम "नॅप्टयून" रख दिया गया। "नॅप्टयून" प्राचीन रोमन धर्म में समुद्र के देवता थे, जो स्थान प्राचीन भारत में "वरुण" देवता का रहा है, इसलिए इस ग्रह को हिन्दी में वरुण कहा जाता है। रोमन धर्म में नॅप्टयून के हाथ में त्रिशूल होता था इसलिए वरुण का खगोलशास्त्रिय चिन्ह ♆ है।वरुण, (अंग्रेजी : नॅप्टयून या नॅप्च्यून; प्रतीक: ♆) हमारे सौर मण्डल में सूर्य से आठवाँ ग्रह है। व्यास के आधार पर यह सौर मण्डल का चौथा बड़ा और द्रव्यमान के आधार पर तीसरा बड़ा ग्रह है। वरुण का द्रव्यमान पृथ्वी से 17 गुना अधिक है और अपने पड़ौसी ग्रह अरुण (युरेनस) से थोड़ा अधिक है। खगोलीय इकाई के हिसाब से वरुण की कक्षा सूरज से 30.1 ख॰ई॰ की औसत दूरी पर है, यानि वरुण पृथ्वी के मुक़ाबले में सूरज से लगभग तीस गुना अधिक दूर है। वरुण को सूरज की एक पूरी परिक्रमा करने में 164.79 वर्ष लगते हैं, यानि एक वरुण वर्ष 165.79 पृथ्वी वर्षों के बराबर है।

# जयंती विशेष 23 सितंबर

जो अगणित लघु दीप हमारे, तुफानों में एक किनारे
जल–जलाकर बुझ गए किसी दिन, मांगा नहीं स्नेह मुंह खोल
कलम, आज उनकी जय बोल



## राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर

**रामधारी सिंह 'दिनकर'** *Ramdhari Singh Dinkar*, जन्म: 23 सितंबर, 1908, बिहार; मृत्यु: 24 अप्रैल, 1974, तमिलनाडु) हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक, कवि एवं निबंधकार थे। 'राष्ट्रकवि दिनकर' आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि के रूप में स्थापित हैं। उनको राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत, क्रांतिपूर्ण संघर्ष की प्रेरणा देने वाली ओजस्वी कविताओं के कारण असीम लोकप्रियता मिली। दिनकर जी ने इतिहास, दर्शनशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पढ़ाई पटना विश्वविद्यालय से की। साहित्य के रूप में उन्होंने संस्कृत, बांग्ला, अंग्रेज़ी और उर्दू का गहन अध्ययन किया था।

# MATH TLM

39 Class-6to8

## महत्वपूर्ण सूत्र (औसत)

**यदि a,b,c.........m लगातार संख्याएं हों तो उनका औसत क्या होगा?**

$$= \frac{a+m}{2}$$

**जैसे - 102 से 176 तक की संख्याओं का औसत**

हलः- औसत $= \frac{102+176}{2} = \frac{278}{2}$

$=139$

# TOB खेल कॉर्नर



## विमेंस वनडे में हाईएस्ट स्कोर

| स्कोर | टीम | खिलाफ | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| 491/4 | न्यूजीलैंड | आयरलैंड | डबलिन | 2018 |
| 455/5 | न्यूजीलैंड | पाकिस्तान | क्राइस्टचर्च | 1997 |
| 455/5 | न्यूजीलैंड | आयरलैंड | डबलिन | 2018 |
| 435/5 | भारत | आयरलैंड | राजकोट | 2025 |
| 418/10 | न्यूजीलैंड | आयरलैंड | डबलिन | 2018 |
| 412/3 | ऑस्ट्रेलिया | डेनमार्क | मुंबई | 1997 |
| 412/10 | ऑस्ट्रेलिया | भारत | दिल्ली | 2025 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **23.09.2025**

## वाक्य विज्ञान

वाक्य विज्ञान, जिसे सिन्टैक्स **(Syntax)** भी कहते हैं, भाषाविज्ञान की एक शाखा है जो वाक्यों की संरचना और निर्माण के सिद्धांतों का अध्ययन करती है. यह वाक्यों के निर्माण की प्रक्रिया, पदों के पारस्परिक संबंधों और भाषा के अन्य तत्वों के साथ वाक्यों के संबंध का विश्लेषण करती है. वाक्य विज्ञान का उद्देश्य भाषा के व्याकरणिक नियमों और संरचनात्मक सिद्धांतों को समझना है, जिससे भाषा के प्रयोग और अर्थ को स्पष्ट किया जा सके।

 राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



क्या आप जानते हैं कि बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU) एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है? यह सिर्फ एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि एक शहर है, जहाँ हजारों छात्र एक साथ रहते और सीखते हैं। करीब 1,370 एकड़ में फैला BHU, शिक्षा और संस्कृति का एक अनूठा संगम है। यह न सिर्फ ज्ञान का केंद्र है, बल्कि यहाँ रहने वाले छात्रों के लिए एक घर भी है।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### अंगूर



मुझमें vit.A,B-6,C,फोलेट के अलावा कई मिनरल्स जैसे पोटैशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, आयरन, कैल्शियम, सेलेनियम भी पाया जाता है।

Anu priya

Teachers of Bihar
The change makers

English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Mask



नकाब

Mosque



मस्जिद

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya

# पद्य पंकज

"


वे मुस्कराते फूल नहीं,
जिनको आता है मुरझाना।
वे तारों के दीप नहीं,
जिनको भाता है बुझ जाना।
वे नीलम के मेघ नहीं,
जिनको है घुल जाने की चाह।
वह अनंत ऋतुराज नहीं
जिसने देखी जाने की राह।

---

**महादेवी वर्मा(आधुनिक मीरा)**

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
डॉक्टरेट ऑफ साइंस
(DSc) की उपाधि से
अलंकृत, भारतीय महिला
रसायनशास्त्री
असीमा चटर्जी
की जयंती पर नमन।
23 सितम्बर 1917 - 22 नवम्बर 2006
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
'ज्ञानपीठ पुरस्कार', 'साहित्य अकादमी पुरस्कार',
'पद्म भूषण' से सम्मानित प्रसिद्ध राष्ट्रकवि
रामधारी सिंह दिनकर
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
जन्म- 23 सितंबर 1908 - मृत्यु- 24 अप्रैल 1974
www.teachersofbihar
मधु प्रिया